# कौए की भूख



एक कौए को बहुत तेज़ भूख लगी। वह उड़ते-उड़ते एक आम के पेड़ पर जा बैठा। पेड़ पर आम लगे हुए थे। पेड़ पर आमों के बीच एक पीला गुब्बारा भी अटका हुआ था। कौए को उन आमों के बीच लटका हुआ गुब्बारा एक मोटे आम जैसा लगा।



जैसे ही कौए ने खाने के लिए उस गुब्बारे में चोंच मारी, वह फूट गया- फटाक....। कौआ डर कर उड़ गया।

LLF Language and Learning foundation

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें

HSSPP

Designed by www.stelladesignandprint.com